12.8.24 (21) (6)

23.10.24 (32) 27.11.24

2024/115

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालतः अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री गंगानगर

गुरप्रीत सिंह बनाम भूपेन्द्र सिंह वगैरा

अपील प्रकरण सं0 26 / 2024

अधिवक्ता अपीलार्थी :- कुलविन्द्र सिंह अधिवक्ता रेस्पोडेन्टः-

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख
24.06.2024	अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित। अपील बाद रिपोर्ट पेश हुई। रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपील दर्ज रजिस्टर की एवं स्थगन प्रार्थना पत्र पर अधिवक्ता अपीलार्थी की एकपक्षीय बहस सुनी गई। अधिवक्ता अपीलार्थी की एक पक्षीय बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया गया। प्रथम दृष्टया मामला एवं सुविधा का सन्तुलन अपीलार्थी के पक्ष में प्रतीत होता है। फलस्वरूप अपीलार्थी का स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रेस्पोडेन्ट संख्या 01 व 02 को पाबन्द किया जाता है कि आगामी तारीख पेशी तक तहसील पदमपुर के चक 7 के.के. के खाता संख्या 20/18 के मुरब्बा नम्बर 25 के किला नम्बर 1 ता 4 की 1.012 हैक्टर, किला नम्बर 5, 6 प्रत्येक में 0.240 हैक्टर, किला नम्बर 7 ता 14 में 2.024 हैक्टर , किला नम्बर 15 में 0.240 हैक्टर, किला नम्बर 19 सालम, किला नम्बर 20 में 0.228 हैक्टर, किला नम्बर 18 में 0.076 हैक्टर, किला नम्बर 21 में 0.080 हैक्टर, किला नम्बर 22 सालम, किला नम्बर 23 में 0.088 हैक्टर भूमि को रहनबैय व हस्तान्तरण नहीं करेगें एवं मौका एवं रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाये रखेगें। अपीलार्थी आदेश 39 नियम 3 सीपीसी की पालना करना सुनिशिचित करें। उक्त पालना में विफल रहने पर उक्त आदेश स्वतः निष्प्रभावी माना जायेगा। पत्रावली वास्ते तलबी एवं रिकार्ड तलबी हेतु दिनांक 22.07.2024 को पेश हो। अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर (राजस्थान)	1075-1076 24/6/24
22/7/24	अपीलांट अधिवक्ता उपस्थित। सम्मन बाद अदम तामील प्राप्त नहीं। सम्बन्धित से रिकॉर्ड प्राप्त नहीं। पत्रावली वास्ते इंतजार तलबी/रिकॉर्ड दिनांक 12/8/24 को पेश हो।	
12.8.24	अपीलांट अधिवक्ता उप.। स्थगन अवधि आगामी तारीख पेशी तक बढ़ाई जाती है। रेस्पोडेन्ट सं. 1 की ओर से अधिवक्ता प्रदीप सिहाग द्वारा वकालतनामा पेश किया गया। संबंधित से रिकॉर्ड प्राप्त नहीं। पत्रावली वास्ते रिकॉर्ड तलबी/इंतजार तलबी हेतु दिनांक 02/9/2024 को पेश हो।	

02.9.24 अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। अप्रार्थी सं. 02 सम्मन बाद/अदम तामील प्राप्त नहीं। सम्बंधित से रिकॉर्ड

1541
11/9/24 प्राप्त नहीं। पत्रावली वास्ते एतमाद [illegible] तलबी। रिकॉर्ड तलबी हेतु 23.10.24 को पेश हो।

23.10.2024

अपीलार्थी के अधिवक्ता एव अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी ने जरिए अधिवक्ता प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलांट लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर अनवानी प्रकरण में आगामी कोई कार्यवाही नहीं चाहता है। वह लोक अदालत की भावना से अनवानी प्रकरण को इसी स्टेज पर विड्रा करना चाहता है। अतः अपीलार्थी के द्वारा अपील विड्रॉ करने के कारण अपील खारिज की जाती है। आदेशिका की प्रति संबंधित तहसीलदार को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार की जाकर नम्बर से कम की जावे एंव बाद तरतीब तकमील अभिलेखागार में जमा करवाई जावे। आदेश सुनाया गया।

अति० जिला कलक्टर (प्रशा०)
श्रीगंगानगर